दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-
खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, मंगलवार 11 दिसम्बर 2018

www.nyaysakshi.com




## संपादकीय

# मौत के गड्ढे

### प्रशासनिक संवेदनहीनता की दास्तां

सुप्रीमकोर्ट की पहल पर बनी सड़क सुरक्षा कमेटी की रिपोर्ट चौंकाती है कि चार सालों में करीब पंद्रह हजार लोग सड़कों पर बने गड्ढों की वजह से मौत का शिकार हुए हैं। रिपोर्ट पर कड़ी नाराजगी जताते हुए सुप्रीमकोर्ट की टिप्पणी उद्वेलित करती है कि सीमा पर आतंकवादियों के हमले में उतने लोग नहीं मरते, जितने गड्ढों में गिरने की वजह से मरते हैं। ये आंकड़े स्थानीय प्रशासन व निकायों की आपराधिक लापरवाही को ही उजागर करते हैं कि उन्हें लोगों की जान की कितनी परवाह है। ये कहानी हर छोटे-बड़े शहर की है। 'सब चलता है' की तर्ज पर शहरों में सड़कों के गड्ढे महीनों खुले रहते हैं जब तक कि कोई दुर्घटना होने पर जनता का दबाव न पड़े। जो बताता है कि स्थानीय प्रशासन कितनी लापरवाही से लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर रहा है। जो हमें यह सोचने को मजबूर करता है कि ये गंभीर समस्या स्थानीय चुनावों में मुद्दा क्यों नहीं बनती। हमारी राजनीति लगातार कृत्रिम मुद्दे उभारकर आम आदमी से जुड़े उन गंभीर मुद्दों को हाशिये पर डाल देती है, जिनसे लोगों का रोज का वास्ता पड़ता है। यह स्थिति कमोबेश सारे देश में है।

ऐसे में देखना यह होगा कि सुप्रीमकोर्ट की सि यता के बाद गड्ढों को लेकर अधिकारी कितने सजग और सि य होते हैं। पिछले दिनों सुप्रीमकोर्ट ने ऐसी ही सख्ती स्पीड ब्रेकरों से होने वाली दुर्घटनाओं की बाबत दिखायी थी। मगर किसी गली-मोहल्ले में चले जायें तो तमाम मानकों के विपरीत बने स्पीड ब्रेकर नजर आयेंगे। ऐसे में सवाल उठता है कि हर मामले में कोर्ट को ही पहल क्यों करनी पड़ती है। स्थानीय प्रशासन और निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधियों व सरकारी अधिकारियों का क्या यह दायित्व नहीं बनता कि वे तुरंत गड्ढों का संज्ञान लेकर कार्रवाई करें ताकि किसी दुर्घटना की गुंजाइश ही न रहे। यहां सवाल नागरिकों की जिम्मेदारी का भी है कि वे ऐसे मामलों में अपने स्तर पर पहल क्यों नहीं करते। गड्ढे न भी भरवा सकें तो भी मीडिया व सामाजिक समूहों के जरिये प्रशासन पर दबाव तो बनवा ही सकते हैं। यहां सवाल शहरीकरण को लेकर अपनायी जा रही ढुलमुल नीतियों का भी है जो ठेकदारों के भरोसे सड़कों को छोड़ देती हैं और सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जांच-पड़ताल नहीं करती। सड़कों में गड्ढे होना जहां घटिया निर्माण सामग्री का परिणाम है, वहीं सड़कों व अन्य निर्माण कार्यों को लेकर दूरदर्शी तकनीकी नजरिये का अभाव होना भी है।

# नई प्रणाली से दूर होगी ट्रेन के कोचों में पानी की समस्या



नई दिल्ली। रेलगाड़ियों में पानी की कमी अब जल्द ही बीते जमाने की बात होने जा रही है क्योंकि रेलवे एक ऐसी प्रणाली लेकर आ रही है जिसके तहत अभी इन कोचों में पानी भरने में जहां 20 मिनट तक का समय लगता है, वह सिर्फ पांच मिनट में पूरा हो जाएगा. रेलवे इस प्रणाली की शुरुआत अगले साल मार्च से 142 से ज्यादा उन स्टेशनों पर शुरू करने जा रही है, जहां ट्रेनों में पानी भरने की प्रणाली लगी हुई है. हाल ही में रेल बोर्ड ने इस परियोजना के लिए 300 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है. लंबी दूरी वाली ट्रेनों में शौचालय और वाशबेसिन के लिए प्रत्येक 300-400 किलोमीटर की दूरी पर पानी भरा जाता है. यह तब भी भरे जाते हैं जब यह खाली नहीं होते हैं, ताकि रेलवे कोच में पानी की दिक्कत न हो. अब पानी भरने की तेज प्रणाली का इस्तेमाल करके 24 कोच वाली ट्रेन में पांच मिनट के भीतर पानी भरा जा सकता है. यहां तक कि कई ट्रेनों में एकसाथ पानी भरा जा सकता है. रेलवे बोर्ड के सदस्य (रॉलिंग स्टॉक) राजेश अग्रवाल ने बताया, ''पहले ट्रेनों में चार इंच वाले पाइप की मदद से पानी भरा जाता था. अब इसकी जगह छह इंच वाले पाइप हाई पावर मोटर के साथ लगाए जाएंगे. ट्रेन कोचों में पानी एससीएडीए (सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डेटा एक्विजिशन) कंप्यूटरकृत प्रणाली के जरिए आपूर्ति की जाएगी. इसे आरडीएसओ ने तैयार किया है. रेल मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रेलवे के पास कोचों में पानी की समस्या की काफी शिकायतें आती थीं. अब इस प्रणाली की वजह से पानी की दिक्कत नहीं होगी.

# व्हॉट्सएप के डिलीट मैसेज पढ़ने के लिए अपनाएं ये ट्रिक






नई दिल्ली। दैनिक जीवन में हम सभी व्हॉट्सएप का इस्तेमाल करते हैं. दिन में कई मैसेज भेजते या रिसीव करते हैं. इनमे से कुछ मेसेज ऐसे होते हैं जो काम के होते हैं लेकिन गलती से डिलीट हो जाते हैं जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. कई बार आपको कोई मैसेज भेजता है लेकिन जल्द ही इसे डिलीट कर देता है. आप उसे जानने के लिए उत्सुक हो जाते हैं. तो आइए जानते हैं कि व्हाट्सएप से डिलीट किए गए मैसेज को आप आसानी से कैसे पढ़ें.

**इस एप से पढ़ सकते हैं डिलीट मैसेज-**

1. गूगल प्ले स्टोर में जाकर Notisave सर्च करें. Notisave ऐसा ऐप है जो आपकी सभी नोटिफिकेशन को रिकॉर्ड करता है.
2. Notisave इंस्टॉल कर ओपन करें.
3. फिर यह एप आपसे नोटिफिकेशन एक्सेस देने की अनुमति मांगेगा. फोटो और मीडिया की एक्सेस देनी होगी.
4. आपके सामने कई एप के नोटिफिकेशन सामने आएंगे. आप उसमें से केवल व्हॉट्सएप चुन लें.
5. इसके बाद आपसे शो ऑन स्टेटस बार में व्हॉट्सएप सेलेक्ट कर लें.
6. इसके बाद सेटिंग्स में एप्लिकेशन एज डेट को ऑन कर लें. अब आपको डिलीट किए हुए मैसेज दिखाई देने लगेंगे.

# ये हैं भारत की सबसे सस्ती बाइक्स



नई दिल्ली। आजकल मार्केट में जितनी भी बाइक्स आ रही हैं उन सभी में से ज्यादातर में आपको ABS नहीं मिलता है, ऐसा इसलिए है क्योंकि ABS वाली बाइक्स को खरीदने के लिए आपको ज्यादा पैसे चुकाने पड़ते हैं और इसी वजह से लोग सस्ती बाइक लेकर काम चला लेते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं ABS वाली बाइक्स आपकी सेफ्टी के लिए बेहद ही जरूरी हैं तो ऐसे में आज हम आपको ऐसी बाइक के बारे में बताने जा रहे हैं जिनमें आपको पहले से ABS लगा हुआ मिलता है साथ ही इनकी कीमत भी बेहद ही कम होती है।

अगर आप सुजुकी की जिक्सर खरीदते हैं तो इसमें आपको ABS लगा हुआ मिलता है। इस बाइक की कीमत काफी कम है और आप इस बाइक को महज 88,305 रुपये में खरीद सकते हैं।

अगर आप TVS Apache RTR 180 खरीदते हैं तो इसमें आपको ABS लगा हुआ मिलता है। इस बाइक की कीमत काफी कम है और आप इस बाइक को महज 83,233 रुपये में खरीद सकते हैं।

# आ रही सेमी हाई स्पीड ट्रेन-18, इसी महीने दौड़ने के लिए तैयार



नई दिल्ली। देश की पहली बिना इंजन वाली सेमी हाई स्पीड ट्रेन-18 के बारे में तो आपको पता ही होगा. पिछले दिनों ट्रायल के तौर पर चलने वाली Train 18 जल्द ही लॉन्च होने के लिए तैयार है. इसे तैयार करने वाली चेन्नई इंटीग्रल कोच फैक्ट्री ने एक खास तरह की रूश्वरू रेलगाड़ी को तैयार किया है. कम दूरी के स्टेशनों के बीच चलने वाली यह सबसे तेज रेलगाड़ी होगी. ट्रेन-18 के बाद इसे देश में गाड़ियों की स्पीड बढ़ो के मामले में बड़ा कदम माना जा रहा है. इसमें कई सुविधाएं भी ट्रेन-18 की तरह ही रखी गई हैं. मौजूदा समय में राजधानी एक्सप्रेस की अधिकतम गति 130 किलो मीटर प्रति घंटा है. सूत्रों के अनुसार यह गाड़ी भी भी इसी स्पीड पर चलाई जाएगी.

# मलेशिया को 5-3 से पराजित कर जर्मनी पहुंचा क्वार्टर फाइनल

भुवनेश्वर। भुवनेवा में कलिंग स्टेडियम में मलेशिया के आखिरी पूल डी मैच में मलेशिया को 5-3 से पराजित करने के बाद जर्मनी चल रहे पुरुषों के हॉकी विश्वकप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा।

## लगातार पांचवें दिन पेट्रोल और डीजल के दामों में कटौती, 70 रुपये के पास पहुंचा तेल

नई दिल्ली। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भी पेट्रोल और डीजल की कीमत में गिरावट दर्ज की गई. पिछले एक महीने से भी ज्यादा समय से इंटरनेशनल मार्केट में क्रूड ऑयल में आ रही गिरावट का फायदा घरेलू बाजार में ग्राहकों को भी मिल रहा है.

## आज का राशिफल

मेषः गणेशजी कहते हैं कि आज आप अपने सारे निर्धारित कार्य आसानी से पूरे कर लेंगे। कभी-कभी ऐसा भी महसूस होगा कि आप जो प्रय कर रहे हैं वे गलत दिशा में जा रहे हैं। धार्मिक या मांगलिक अवसरों में उपस्थित होने का अवसर मिलेगा। तीर्थयात्रा का योग है।

वृषभः आज आपके कार्य समय पर पूरे होने में दिकक्त आ सकती है, निराशा को हावी न होने दें। बाहर का खाना खाने से स्वास्थ्य खराब हो सकता है। नए कार्य की शुरुआत के लिए उचित समय नहीं है। संभव हो सके तो आज यात्रा न करें।

मिथुनः दिन की शुरुआत स्फूर्ति के साथ होगी। गणेशजी की कृपा से आप आरामदायक और प्रसन्नतापूर्वक समय बिताएंगे। मेहमानों और मित्रों के साथ पार्टी, पिकनिक का आयोजन करेंगे।

कर्कः आज का दिन चिंता रहित और खुशीपूर्वक बीतेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ घर में आनंदपूर्वक समय व्यतीत करेंगे। कार्य में सफलता और यश की प्राप्ति होगी। नौकरीपेशा लोगों को लाभ होगा।

सिंहः आज आप तन-मन से स्वस्थ महसूस करेंगे। आपकी आंतरिक सृजनात्मकता आपको नई सोच और ऊर्जा प्रदान करेगी। साहित्य लेखन में नए प्रयोग सार्थक सिद्ध होंगे। मनपसंद व्यक्ति से मुलाकात होगी।

कन्याः गणेशजी कहते हैं कि आज आपको कुछ प्रतिकूलताओं का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य नरम रह सकता है। मानसिक चिंता हावी हो सकती है। माता की तबीयत का ध्यान रखें।

तुलाः नए कार्य की शुरुआत के लिए दिन अनुकूल है। भाग्यवृद्धि और धनलाभ की संभावनाएं है। पारिवारिक या व्यापारिक कार्य के संबंध में बाहर जाना पड़ सकता है।

वृश्चिकः गणेशजी कहते हैं कि परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। सगे-संबंधियों और मित्रों का आगमन होगा। मनपसंद भोजन मिलेगा। धार्मिक कार्यों के पीछे खर्च होगा।

धनुः गणेशजी बताते हैं कि आज संतान के लिए मनपसंद वर मिलेगा। आपके स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। विद्यार्थियों के लिए उत्तम समय है, पढ़ाई में सफलता मिलेगी।

मकरः स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी। इस कारण मन में उचाट अनुभव करेंगे। व्यवसाय में सरकार का हस्तक्षेप बढ़ेगा। धार्मिक कार्यों के पीछे धनखर्च होगा।

कुंभः मांगलिक कार्य और नए कार्यों का आयोजन करने के लिए दिन शुभ है। अविवाहितों के विवाह का योग बन रहा है, रिश्ता पक्का हो सकता है। जीवनसाथी और संतान से शुभ समाचार मिलेगा।

मीनः आज आपके प्रत्येक कार्य सफलतापूर्वक पूरे होंगे। नौकरी और व्यवसाय में पदोन्नति और वृद्धि के योग हैं। व्यापारियों के रुके हुए पैसे मिल सकते हैं। पिता तथा बुजुर्गवर्ग से लाभ होगा।

# जानिए कैसे होगी सुख-समृद्धि में बढ़ोत्तरी





आमतौर पर यह अक्सर सुना गया है कि घर बन जाने के बाद परिवार के लोग इकट्ठा होते हैं और आपस में विचार विमर्श करते हैं कि घर को पेंट करवाने मे किस जगह किस रंग का प्रयोग किया जाय।

अजीब बात यह है कि जिसको जो रंग समझ मे आया बता दिया। पैरेंट्स ने बच्चो कि सलाह मानी और उत्तर में गाढ़ा लाल रंग लगवा दिया। परिणाम यह हुआ कि अच्छा खासा व्यापार था, धीरे धीरे आर्डर ही आने बंद हो गए। पेंट कराने से पहले कुछ बातों का अवश्य ध्यान रखें जिससे हर तरफ से धन वर्षा हो घर में और सुख शांति रहे।

1- उत्तर दिशा जल की है, जल का रंग नीला है! यहां नीले रंग का प्रयोग करें।

2- दक्षिण दिशा अग्नि की है इसलिए यहाँ लाल या गुलाबी रंग शुभ होगा।

3- पूर्व दिशा वायु तत्व की है सामाजिक संपर्क की है यहां हरे रंग का प्रयोग करें।

4- पश्चिम दिशा आकाश तत्व की है यहाँ सफ़ेद या क्रीम कलर का प्रयोग करें।

5- दक्षिण-पश्मिम दिशा पृथ्वी तत्व की है इसलिए यहाँ पीला रंग का प्रयोग करें।

# इतिहास में ऐसा पहली बार, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (AMU) की लड़कियां खेलेंगी हॉकी



अलीगढ़। हॉकी वर्ल्ड कप के इस सीजन में देश की सबसे प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटीज में से एक अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) में भी करीब 100 साल पुरानी एक परंपरा टूटने वाली है। इतिहास में पहली बार एएमयू लड़कियों की एक हॉकी टीम तैयार कर रहा है। इस टीम से जुड़ने वाली लड़कियों का उत्साह भी देखने लायक है। टीम में शामिल होने जा रही 13 वर्षीय नसीम जेहरा और आलिया का हॉकी को लेकर जुनून ऐसा है कि इन्हें सपने में भी हॉकी ही दिखाई देती है। आलिया हर समय अपने साथ अपनी हॉकी लेकर घूमती हैं। ये दोनों ही एएमयू की इस पहली महिला हॉकी टीम का हिस्सा बनने जा रही हैं। इनकी तरह ऐसे 10 जूनियर स्कूलों से लड़कियों के चयन की प्रक्रिया चल रही है।

**फरवरी में खेल सकती हैं पहला अंतरराष्ट्रीय मैच**

अगर सब कुछ सही रहा तो ये लड़कियां अगले साल फरवरी में ही अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नमेंट भी खेल सकती हैं। टीम में सिलेक्ट होने के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं और सुबह-सुबह ही मैदानों पर लड़कियां हॉकी स्टिक लेकर प्रैक्टिस करते हुए मिल जाएंगी। इन लड़कियों के कोच अनीस उर रहमान पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्लेयर रहे हैं और इस वक्त एएमयू स्पोर्ट्स कमिटी के डेप्युटी डायरेक्टर हैं।

**एएमयू ने दिए हैं हॉकी के कई चमकते सितारे**

हॉकी के खेल में एएमयू का एक समृद्ध इतिहास रहा है। 80 के दशक में हॉकी के कैप्टन रहे जफर इकबाल भी एएमयू से ही थे। जफर के पिता एएमयू में केमिस्ट्री के प्रफेसर थे। जफर उस हॉकी टीम के कप्तान थे जिसने हॉकी में अपना आखिरी ओलिंपिक गोल्ड (मॉस्को 1980) जीता था।

## मूंगदाल और मूली के पत्तों की सब्जी बनाने की विधि



**सामग्री**

एक तिहाई कप मूंगदाल
एक किलोग्राम मूली के पत्ते
3 बड़ा चम्मच सरसों का तेल
1 बड़ा प्याज, बारीक कटा हुआ
2-3 कलियां लहसुन, बारीक कटी हुई
2 टमाटर, कटे हुए
2 चुटकी हींग
आधा छोटा चम्मच जीरा
एक चौथाई छोटा चम्मच हल्दी
2 हरी मिर्च, बारीक कटी हुई
एक चौथाई छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर
स्वादानुसार नमक

**बनाने की विधि**

मूंगदाल को धोकर, आधा घंटे के लिए पानी में भिगो दें.

मूली के पत्तों को साफ करके मोटी मोटी डंठलें निकाल दें. पत्तों को साफ पानी में अच्छी तरह 2 बार धो लें. धुले हुए पत्तों को चलनी में रखें ताकि इनका पानी निकल जाए.मूंगदाल से बनाइए मीठा रसा बड़ा

कड़ाही में तेल डालकर गर्म होने के लिए रखें. जब तेल गर्म हो जाए तो इसमें हींग, जीरा, हरी मिर्च, हल्दी डालकर अच्छी तरह चमचे से चलायें. फिर इसमें लहसुन व प्याज डालकर अच्छी तरह पका लें. जब प्याज पक जाए तो इसमें टमाटर, भीगी हुई दाल और मूली के पत्ते डाल दें. नमक और लाल मिर्च डालकर अच्छी तरह मिला लें। सब्जी में 3-4 बड़ा चम्मच पानी डालें और ढककर धीमी आंच पर 5 मिनट तक पकाएं. सब्जी को खोलकर चेक करें और चमचे से अच्छी तरह चला दें. सब्जी में पानी ज्यादा मात्रा में है तो इसे फिर से ढककर और 5 मिनिट पकने दें. ढक्क न हटाकर चमचे से चलाइये, दाल को चेककर लें, अगर दाल हल्की सी दब रही है तो ठीक है, दाल कच्ची लगे तब उसे और पकाना होगा, सब्जी को ढककर 2-3 मिनट के लिए और पका लें।

मूंगदाल मूली की सब्जी 12-14 मिनट में बनकर तैयार हो जाती है, आप दाल और पत्तों को दबा कर देखेंगे तो वह मुलायम लगेंगे. अगर सब्जी में पानी ज्यादा लगे तो आंच तेज करके, सब्जी को खुले ही 2-3 मिनट तक पका लें. मूंगदाल, मूली के पत्ते की सब्जी तैयार हैं. इस सब्जी को पराठे या चपाती के साथ सर्व कर सकते हैं।


## शब्द सामर्थ्य-13

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 12 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | य | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्ष्म | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सौ |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |

## सू-दोकू-13

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.12 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |